V-MARC India Limited
CIN-L31908UR2014PLC001066

The Manager
Listing Department
**The National Stock Exchange of India Limited**
'Exchange Plaza', C-1 Block G,
Bandra Kurla complex,
Bandra (E), Mumbai 400051.

Date: **12.05.2026**

NSE Symbol: **VMARCIND**
ISIN: **INE0GXK01018**

**Sub: Copy of Public Notice of Audited Standalone and Consolidated Financial Results for the Half Year and Year ended March 31, 2026 advertised in Newspapers**

Dear Sir/ Madam,

Please find enclosed herewith a copy of public notice advertised in the newspapers with respect to the Audited Standalone and Consolidated Financial Results for the Half Year and Year ended March 31, 2026.

You are requested to take the above information on the record.

Thanking You,

Yours Faithfully,
For **V-Marc India Limited**

ANUJ AHLUWALIA
Digitally signed by ANUJ AHLUWALIA
Date: 2026.05.12 14:40:24 +05'30'

**Anuj Ahluwalia**
**Company Secretary**

**Registered Office & Unit 1 :** Plot No. 3, 4, 18 & 20 A,Sector - IIDC, SIDCUL, Haridwar, Uttarakhand - 249403
**Unit 2 :** Khasra No- 1,2 & 6, Village- Mukarrabpur, Bahadrabad-Bhagwanpur Road, Kaliyar, Roorkee, Haridwar, Uttarakhand - 247667
Ph : 01334-239638, info@v-marc.in, www.v-marc.com

# किशोरी की मौत मामले में पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग

## कांग्रेसियों ने ज्वालापुर कोतवाली के बाहर किया प्रदर्शन


कोतवाली के बाहर विरोध जताते विधायक रवि बहादुर, कांग्रेस नेता मनोज सैनी, सोम त्यागी व अन्य ● जागरण

**जागरण संवाददाता, हरिद्वार**: ज्वालापुर क्षेत्र में किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को ज्वालापुर कोतवाली के समीप विरोध प्रदर्शन किया। कार्रवाई की मांग को लेकर सीओ ज्वालापुर संजय चौहान को ज्ञापन भी सौंपा गया।

इस दौरान ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर ने कहा कि महिलाओं और बेटियों के प्रति आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हरिद्वार में किशोरी की मौत शर्मसार करने वाली घटना है। इस मामले में लापरवाही और ढिलाई बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालेश्वर सिंह ने कहा कि कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी व मनोज सैनी ने कहा कि पीड़ित परिवार के प्रति पुलिस का रवैया ठीक नहीं रहा। यदि पुलिस ने समय रहते कार्रवाई की होती तो उसकी जान बच सकती थी। लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए। महिला महानगर अध्यक्ष लता जोशी, संजय सैनी और विकास चंद्रा ने कहा कि बालिकाओं के प्रति बढ़ रहे अपराध चिंताजनक हैं। पुलिस को ऐसे मामलों में संवेदनशीलता का परिचय देते हुए त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। एडवोकेट फुरकान अली, एससी प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष मनोज जाटव ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की जांच को तेजी से पूरा कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जाए। प्रदर्शन करने वालों में मंजू गोस्वामी, यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गौरव चौहान, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री पूनम भगत, रकित वालिया, कनखल ब्लॉक अध्यक्ष जतिन हांडा, सुभद्रा अग्रवाल, दीपिका गुप्ता, डा. मेहरबान, पूर्व पार्षद सुहेल कुरैशी, यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव दिव्यांश अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष यश शर्मा, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी, ऋषभ वशिष्ठ, करण सिंह राणा, रवि बाबू शर्मा, इरशाद खान, जावेद सहित कार्यकर्ता शामिल रहे।

## फ्लाईओवर के नीचे होने लगी हाथियों की सुरक्षित आवाजाही

**श्यामपुर** : श्यामपुर क्षेत्र के कांगड़ी में नवनिर्मित फ्लाइओवर के नीचे सोमवार को हाथियों के एक झुंड की चहलकदमी देखी गई। नए एलिफेंट कारिडोर और फ्लाइओवर के निर्माण के बाद यह दृश्य वन्यजीवों की सुरक्षित आवाजाही के अच्छे संकेत हैं।

सोमवार सुबह हाथियों का झुंड फ्लाइओवर के नीचे से बिना किसी व्यवधान के आराम से गुजरता दिखाई दिया। इस दौरान फ्लाइओवर के ऊपर मौजूद लोगों की भीड़ हाथियों को देखने के लिए जुट गई। लोगों ने अपने मोबाइल फोन में इस दुर्लभ दृश्य को कैद किया।

कुछ देर रुकने के बाद हाथियों का झुंड जंगल की ओर रवाना हुआ। श्यामपुर रेंजर विनय राठी ने बताया कि फ्लाइओवर बनने के बाद क्षेत्र में जंगली जानवरों की आवाजाही पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित हो गई है। इस क्षेत्र में हाथी अक्सर नहर के पास पहुंचकर पानी पीते हैं और उसके बाद सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर लौट जाते हैं। (संसू)

हरिद्वार की और भी खबरें पढ़ें
www.jagran.com

# अश्लील हरकत व ब्लैकमेलिंग के आरोप में क्रास मुकदमा

- पथरी थानाक्षेत्र के ग्राम बोडाहेड़ी का मामला
- पुलिस ने गहनता से शुरू की मामले की जांच

**संवाद सूत्र, जागरण ● पथरी**: थाना क्षेत्र के ग्राम बोडाहेड़ी में दो पक्षों ने महिला से अश्लील हरकत और झूठे मुकदमे का डर दिखाकर ब्लैकमेल करने जैसे आरोप लगाते हुए एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, ग्राम बोडाहेड़ी निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव निवासी इरशाद काफी समय से उसे फोन कर परेशान कर रहा था और अश्लील बातें करता था। आरोप है कि समझाने के बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। महिला का कहना है कि नौ मई को इरशाद ने उसे फोन कर घर बुलाने का दबाव बनाया।

कई बार फोन करने पर उसने बातचीत के लिए उसे घर बुलाया, जहां इरशाद ने उसके साथ अश्लील हरकत की। मामले में पुलिस ने आरोपित इरशाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, दूसरे पक्ष से इरशाद ने शिकायत देकर आरोप लगाया कि गांव निवासी इंतजार लंबे समय से दो लाख रुपये उधार मांग रहा था। पैसे का इंतजाम नहीं होने पर उसने बाद में देने की बात कही थी। आरोप है कि नौ मई की रात इंतजार की पत्नी ने उसे कई बार फोन कर घर बुलाया।

घर पहुंचने पर इंतजार और उसकी पत्नी ने उसे पकड़ लिया और शोर मचाना शुरू कर दिया। इरशाद का आरोप है कि शोर सुनकर गांव निवासी रिफाकत और इस्तकार भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि चारों आरोपितों ने उसके साथ गाली-गलौच और मारपीट की और झूठे दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इरशाद ने आरोप लगाया कि आरोपितों ने उससे 1.20 लाख रुपये भी ले लिए और दोबारा गांव में दिखाई देने पर जान से मारने की धमकी दी।

पथरी थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर क्रास मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




# नाबालिग से दुराचार के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार


बहादराबाद पुलिस की गिरफ्त में नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित ● साभार पुलिस

**संवाद सूत्र, जागरण ● बहादराबाद** : नाबालिग से दुराचार के मामले में फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी आरोपित को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि एसएसपी निर्देश पर आपरेशन प्रहार के तहत वांछित और इनामी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। शांतरशाह निवासी अजीम के खिलाफ नाबालिग से दुराचार के मामले में दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस को काफी समय से उसकी तलाश थी। एसएसपी ने आरोपित पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने अजीम को शांतरशाह में पतंजलि अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## गंगनहर से युवक का शव बरामद

**बहादराबाद** : क्षेत्र में सोमवार को लोहे के पुल के पास गंग नहर में युवक का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

एसएसआई मनोज गैरोला ने बताया कि सोमवार को लोहे पुल के पास गंग नहर में राहगीरों को युवक का शव दिखाई दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्थानीय पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से शव को गंग नहर से बाहर निकाला। पहचान न होने पर शव मोर्चरी में रखवा दिया गया। एसएसआई ने बताया कि शव करीब 27 वर्षीय युवक का है और तीन-चार दिन पुराना लग रहा है। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से शव की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। (संसू)

# नकली गहने बेचने पर ज्वेलर्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता, हरिद्वार**: नकली सोने के आभूषण बेचने और बाद में उन्हें बदलने के नाम पर ग्राहक के गहने हड़पने के मामले में रानीपुर कोतवाली में आरोपित ज्वैलर्स कारोबारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दादूपुर गोविंदपुर निवासी तोफीक अहमद ने पुलिस शिकायत देकर बताया कि उन्होंने वर्ष 2020 और 2022 में पथरी पावर हाउस स्थित तृप्ति ज्वैलर्स से करीब 12 तोले सोने के आभूषण खरीदे थे। दुकान के संचालक अजय वर्मा निवासी अहबाबनगर, विष्णुलोक कॉलोनी बीएचईएल रानीपुर ने उन्हें गहने बेचे थे। वर्ष 2024 में उन्हें पैसों की जरूरत पड़ी तो वह सोने के आभूषण गिरवी रखकर बैंक से लोन लेने पहुंचे। आरोप है कि बैंक में जांच के दौरान उन्हें बताया गया कि आभूषण नकली हैं और उन पर ऋण नहीं मिल सकता। यह सुनकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने ज्वैलर्स संचालक अजय वर्मा से संपर्क कर मामले की जानकारी दी। आरोप है कि अजय वर्मा ने करीब 68.67 ग्राम सोने के आभूषण बदलकर देने की बात कहकर अपने पास रख लिए और बाकी करीब पांच तोले सोना बाद में लौटाने का भरोसा दिया। आरोप है कि ज्वैलर्स संचालक ने विश्वास में लेकर सभी गहने अपने पास रख लिए, लेकिन न तो नए गहने दिए और न ही उनकी कीमत लौटाई। आरोप लगाया कि पहले नकली आभूषण बेचकर धोखाधड़ी की गई और बाद में असली गहने बदलने के नाम पर भी हड़प लिए गए। रानीपुर कोतवाली प्रभारी मनोहर भंडारी ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पटाखा फोड़ने वाले साइलेंसरों पर चला रोलर


पटाखा छोड़ने वाले साइलेंसर और प्रेशर हार्न को नष्ट करता रोलर ● जागरण

**जागरण संवाददाता, हरिद्वार**: यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए जिले को मिली सात मोडिफाइट मोटर साइकिल को एसएसपी नवनीत सिंह ने हरी झंडी देकर रवाना किया। इस दौरान बुलेट से निकाले गए पटाखा फोड़ने वाले साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न को रोलर चलवाकर नष्ट कराया गया।

साथ ही आमजन को हेलमेट वितरित कर सुरक्षित यातायात का संदेश दिया गया। इस दौरान एसएसपी नवनीत सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। जिससे हम सुरक्षित सवारी सहित अपने गन्तव्य को सकुशल पहुंच सकें।

उन्होंने बताया कि पुलिस मुख्यालय से यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाये रखने के लिए सात मोडिफाइट मोटर साइकिल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। आमजन से अपील है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करें। नशे की हालत में वाहन न चलाएं।

# महिला की हत्या का पर्दाफाश करने में जुटीं पांच पुलिस टीम

- चंडी देवी पैदल मार्ग के पास जंगल में मिला था महिला का शव
- दो टीमें खंगाल रही सीसीटीवी कैमरे, दो टीमें गैर जनपद रवाना

**जागरण संवाददाता, हरिद्वार**: चंडी देवी पैदल मार्ग के पास जंगल से बरामद हुए महिला के शव की गुत्थी सुलझाने के लिए एसएसपी के निर्देश पर पांच पुलिस टीमों का गठन किया गया है। अलग-अलग टीमों ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने से लेकर संदिग्धों को चिह्नित करने में जुट गई है। एक टीम को शव की शिनाख्त के लिए सरहदी जनपदों में भेजा गया है।

पुलिस के मुताबिक, रविवार शाम चंडी देवी मंदिर रोपवे के पास गश्त करने के दौरान वनकर्मियों की नजर एक महिला के शव पर पड़ी। सूचना पर पुलिस टीमों ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की।

महिला के दाहिने हाथ की कलाई पर अंग्रेजी में कौशल्या व गमलानुमा फूल का टैटू गुदा है। जबकि बांये हाथ की कलाई पर दिल का टैटू बना है, जिसके अन्दर अंग्रेजी में केआर गुदा है। ऐसा माना जा रहा है कि गला दबाकर हत्या के बाद शव को जंगल में फेंका गया है। श्यामपुर थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर घटना के खुलासे के लिए पांच पुलिस टीमों का गठन किया गया है। जिनमें दो पुलिस टीमें सीसीटीवी फुटेज खंगालने, एक टीम सरहदी थाना-कोतवाली व जनपदो से अज्ञात महिला शव शिनाख्त व फोटो पम्पलेट वितरित में लगाई गई है। जबकि एक टीम अन्तर्राज्यीय जनपदों मे अज्ञात महिला शव शिनाख्त व फोटो पम्पलेट वितरित और एक अन्य टीम को पोस्टमार्टम व घटनास्थल के आस-पास से साक्ष्य संकलन में लगाया गया है। जल्द ही शव की शिनाख्त कराते हुए पूरे मामले का पर्दाफाश कर लिया जाएगा।

# लिंक खोलते ही मोबाइल हुआ हैक खाते से 1.78 लाख रुपये गायब


प्रतीकात्मक।

- सिडकुल क्षेत्र के व्यवित से केवाईसी अपडेट के नाम पर साइबर ठगी
- पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की मामले की जांच

**जागरण संवाददाता, हरिद्वार**: साइबर ठगों ने केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर सिडकुल क्षेत्र के एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से 1.78 लाख रुपये साफ कर दिए। ठगों ने पहले फोन कर केवाईसी अपडेट कराने की बात कही, फिर मोबाइल पर लिंक भेजकर उसे क्लिक कराया। लिंक खुलते ही मोबाइल हैक हो गया और कुछ ही देर में खाते से रकम साफ हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, शिवालिक नगर निवासी सुब्रत साहू ने तहरीर देकर बताया कि उनके पास आइसीआइसीआइ बैंक का क्रेडिट कार्ड है। आरोप है कि तीन फरवरी को उनके मोबाइल नंबर पर काल आई। काल करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंककर्मी बताते हुए क्रेडिट कार्ड की केवाईसी अपडेट कराने की बात कही। इसके बाद एक लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। करीब दो घंटे बाद उन्हें पता चला कि उनके खाते से 1.78 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो चुकी है। थाना प्रभारी अजय शाह ने बताया कि साइबर सेल की जांच के बाद सोमवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

हरिद्वार की और भी खबरें पढ़ें
www.jagran.com




